

## कायम है केजीएफ 2 का जलवा, यश के तूफान में उड़ गई जर्सी

यश, संजय दत्त और रवीना टंडन स्टारर फिल्म केजीएफ 2 की कमाई दूसरे हफ्ते में भी धमाकेदार तरीके से जारी है। पहले हफ्ते में हिंदी वर्जन की कमाई 263 करोड़ रुपये से ज्यादा रही है। अब फिल्म ने अपनी रिलीज के दूसरे शुक्रवार को भी जोरदार बिजनस किया है। केजीएफ 2 की दीवानगी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शुक्रवार को रिलीज हुई बॉलिवुड फिल्म श्जर्सीश् की पहली दिन की कमाई से इसने लगभग 3 गुना बिजनस किया है। अपनी रिलीज के 9वें दिन केजीएफ 2 के हिंदी वर्जन ने बॉक्स ऑफिस पर 11.25 करोड़ रुपये का धमाकेदार बिजनस किया है। इस तरह अभी तक फिल्म के हिंदी वर्जन ने कुल 274 करोड़ रुपये का जोरदार बिजनस कर लिया है। अब माना जा रहा है कि अपने दूसरे वीकेंड में रविवार तक इस फिल्म का केवल हिंदी वर्जन 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर जाएगा। बता दें कि प्रशांत नील के डायरेक्शन में बनी केजीएफ 2 पहले ही दुनियाभर में 750 करोड़ रुपये से ज्यादा का बिजनस कर चुकी है। माना जा रहा है कि यह फिल्म अपने दूसरे वीकेंड पर दुनियाभर में 1 हजार करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर जाएगी।

## ऑस्कर थप्पड़ कांड के बाद विल स्मिथ की पहली पब्लिक अपीयरेंस

हॉलिवुड ऐक्टर विल स्मिथ इंडिया पहुंचे हैं। उन्हें मुंबई में प्राइवेट ऐयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया, जहां वो गले में माला पहने सिंपल लुक में नजर आए। उन्होंने पपाराजी को देखने के बाद वेव भी किया और वो काफी खुश भी नजर आए। बता दें कि ऑस्कर में क्रिस रॉक को थप्पड़ मारने के बाद ये उनकी पहली पब्लिक अपीयरेंस हैं। बताया जा रहा है कि वो सदगुरु के शिष्य हैं और उनसे मिलने भारत आए। दूसरी तरफ ये भी खबर आ रही है कि वो अपनी वाइफ जेडा पिंकेट स्मिथ से डिवॉर्स लेने जा रहे हैं। विल स्मिथ का मुंबई के प्राइवेट ऐयरपोर्ट से वीडियो सामने आया है। वो अपनी टीम के साथ कार से निकलते हैं और फिर पपाराजी को देख हंसते हुए वेव करते हैं। उन्होंने फैंस के साथ फोटोज भी क्लिक करवाईं। खबरों की मानें तो विल स्मिथ जुहू में होटल में रुके थे। उनका इंडिया से पुराना नाता रहा है। वो पहले भी कई बार भारत आ चुके हैं। वो वाराणसी में गंगा आरती में भी शामिल हो चुके हैं और आध्यात्मिक गुरु सदगुरु से भी मिल चुके हैं। विल की अभी वायरल हो रही तस्वीरों में उनके गले में पड़ी माला ने भी लोगों का ध्यान खींचा है। इस बीच विल स्मिथ और उनकी वाइफ जेडा पिंकेट स्मिथ के तलाक की खबरें भी खूब वायरल हो रही हैं।

## इस एक शौक ने करणवीर बोहरा को बना दिया था कंगाल



पहले बिग बॉस और फिर लॉक अप में एंट्री कर चुके करणवीर बोहरा अब शो से बाहर आ चुके हैं। कंगना रनौत की अत्याचारी जेल में उन्होंने बहुत एक बार बाहर आने के बाद दोबारा बतौर वाइल्डकार्ड गए थे लेकिन फैंस पर उनका जादू नहीं चला। हालांकि गेम में बने रहने के लिए उन्होंने अपना एक सीक्रेट भी बताया था कि वह कर्ज में डूबे हुए हैं, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। अब एक इंटरव्यू में उन्होंने अपने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। साथ ही बताया है कि कैसे उनकी फिल्म बनाने की जिद ने उन्हें कहीं का नहीं छोड़ा। साथ ही लोगों से अपील की है कि वह मेंटल हेल्थ और मेडिकेशन की सीरियसली लें। करण ने बताया, श्ऑफर्स आने बंद नहीं हुए। मैं बहुत अच्छी पोजीशन में हूं। वो अलग बात है कि मेरे शौक की वजह से मैंने बहुत पैसे गंवाए। मैं एक फिल्म बनाना चाहता था और मैंने उसमें अपना सारा पैसा झोंक दिया लेकिन बात फिर भी नहीं बनी। उल्टा पैसे और डूब गए। फिल्म थी... हमें तुमसे प्यार कितना। फिल्म काफी अच्छी बनी लेकिन हमें सही रिलीज नहीं मिली। हम सभी सिंगल प्रड्यूसर और थिएटर्स की स्थिति जानते हैं, मैं बस इसे एग्जीक्यूट नहीं कर सका क्योंकि इसमें उनका नपोटिज्म शामिल था। यह दुर्भाग्यपूर्ण था लेकिन जीवन को आगे बढ़ना है।

# लता मंगेशकर जाते-जाते बहन आशा को दे गईं ऐसी दौलत

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*बॉलिवुड की फेमस सिंगर आशा भोसले रिएलिटी शो डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर में गेस्ट अपीयरेंस देंगी। इस दौरान वो बहन लता मंगेशकर से जुड़ी यादों को ताजा करेंगी। शो के कई प्रोमो सामने आए हैं, जिसमें से एक वीडियो में आशा ने लता जी से मिले गिफ्ट का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि ये तोहफा उनके लिए पूरी दुनिया की दौलत से भी बढ़कर है। आप जब इस तोहफे को देखेंगे तो यकीनन आपका दिल खुश हो जाएगा।*

इस प्रोमो में आशा भोसले उस गिफ्ट के बारे में खुलासा करती हैं, जो उन्हें लता जी ने मौत से करीब 5-6 महीने पहले दिया था। आशा बताती हैं कि लता ने उनसे कहा कि तुझे जो चाहिए, आज वो मांग ले। इस पर उन्होंने काफी देर तक सोचा और फिर कहा, अपनी पुरानी साड़ी में मुझे साइन करके दो। इसके बाद आशा ने शो में वो साड़ी भी दिखाई, जिस पर लता जी ने साइन किया था। ये तोहफा देखकर जज मौनी रॉय, सोनाली बेंद्रे और रेमो डिसूजा भी दंग रह जाते हैं। अंत में आशा जी बोलती हैं कि ये गिफ्ट पूरी दुनिया की दौलत के आगे सबसे बड़ा है।

**मां लता को जाफराबादी भैंस बुलाती थी**

शो में आशा ने लता से जुड़ी बहुत सारी यादों को शेयर किया। उन्होंने बचपन का भी एक किस्सा सुनाया कि कोल्हापुर में बड़े-बड़े पेड़ होते थे, उस पर लता चढ़ जाती थीं और उन्हें देखकर बाकी बच्चे भी वैसे ही करते थे। आशा कहती हैं, श्फिर उन्हें मां से खूब डांट पड़ती थी। मां उसे जाफराबादी भैंस बोलती थी। बड़ी-बड़ी सींगों वाली, क्योंकि उसके लंबे बाल थे और वो दो चोटी करती





थी। इसलिए सभी उनकी चोटी भी खूब पकड़ते थे।

**आशा ने लता जी के पैर धोकर पिए**

आशा जी ने ये भी बताया कि उन्होंने अपनी बहन लता के पैरों को धोकर वो पानी भी पिया है। वो कहती हैं, दीदी ने कहा कि मां-बाप के पैर का पानी पीने से बहुत नाम हो जाता है, क्योंकि मां-बाप इतने बड़े होते हैं। भगवान से भी बड़े। फिर वो बोलीं कि जाओ पानी लेकर आए। हम लोगों ने उनका पैर धोया, लेकिन दूसरी दीदी ने पीने से मना कर दिया, लेकिन मैंने पिया।

**6 फरवरी को ली थी आखिरी सांस**

गौरतलब है कि लता मंगेशकर ने इसी साल 6 फरवरी को आखिरी सांस ली थी। इससे पहले वो करीब एक महीने तक हॉस्पिटल में ऐडमिट रहीं। वो कोरोना वायरस पॉजिटिव हो गई थीं और उन्हें निमोनिया भी हो गया था। इसके बाद उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर भी रखा गया। बीच में उनकी हालत में थोड़ा सुधार हुआ, लेकिन फिर उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई।

# पैपाराजी को देख तैमूर अली खान ने कहा- बस करो....



*वह जहां भी दिखाई दे जाते हैं, लोग उन्हें एक टक निहारते रहते हैं। कभी वह अपने भाई जेह के साथ खेलते हुए दिखते हैं हैं, कभी वह पापा सैफ के साथ मस्ती करते दिखाई देते हैं तो कभी वह मां के साथ गुस्साए नजर आते हैं। करीना कपूर खान और सैफ अली खान के बड़े बेटे तैमूर अली खान का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह पैपराजी से कुछ कहते नजर आ रहे हैं।*

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस करीना कपूर खान अपने ग्लैमरस अवतार की वजह से चर्चा में तो रहती ही हैं। उनके और पति सैफ अली खान के बड़े बेटे तैमूर अली खान भी अपनी ओवरलोडेड क्यूटनेस की वजह से सुर्खियों में छाए रहते हैं। वह जहां भी दिखाई दे जाते हैं, लोग उन्हें एक टक निहारते रहते हैं। कभी वह अपने भाई जेह के साथ खेलते हुए दिखते हैं हैं, कभी वह पापा सैफ के साथ मस्ती करते दिखाई देते हैं तो कभी वह मां के साथ गुस्साए नजर आते हैं। अब ऐसा ही एक उनका वीडियो सामने आया है, जिसमें वह पैपराजी को गाली देते हुए स्पॉट किए गए हैं।

**घर के बाहर स्पॉट किए गए**

पैपराजी विरल भयानी के इंस्टा हैंडल पर तैमूर का वीडियो शेयर किया गया। इसमें वह अपने घर के बाहर स्पॉट किए गए। यहां करीना कपूर और उनका छोटा बेटा जेह भी दिखाई दिया। साथ ही सेवा में दर्जनों स्टाफ भी मौजूद थे। अब पैप्स के देखकर तैमूर ने उनसे कहा, बंद करो सा', बंद करो सा'... ऐसा उन्होंने कई बार कहा। वहीं खड़ी करीना उनको अंदर जाने के लिए बोल रही थीं। इधर उनका छोटा बेटा जेह अपनी पिद्दी-सी ठडें चला रहे थे। स्टाफ भी उनकी मदद कर रहा था।

**तैमूर के इस रवैये पर आया लोगों का रिएक्शन**

अब इस वीडियो के सामने आने के बाद लोगों ने कमेंट करना शुरू कर दिया। एक ने तैमूर को श्क्यूटश कहा, तो दूसरे ने कलरफुल हार्ट्स पोस्ट कर दिए। वहीं एक ने लिखा, श्वंडरफुल।श वहीं एक यूजर ने कहा, श्बचपन से ही मीडिया से परेशान है।श हालांकि कुछ यूजर्स ने गाली देने पर नाराजगी भी जाहिर की है। इसके पहले भी तैमूर अली खान चर्चा में रहे थे। जब करीना ने अपनी पूरी फैमिली फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर की थी। इसमें उनके लाडले ने नाक में उंगली डालकर पूरी फोटो खराब कर दी थी। तो इससे ये तो अंदाजा लगाया ही जा सकता है कि वह कितने शरारती हैं।